## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 14.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा – जनता और पुलिस के सहयोग से राज्य में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत।**
3. **नीति आयोग की रिपोर्ट में झारखंड और ओडिशा उभरती अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में शामिल।**
4. **मंत्री चमरा लिंडा ने कहा – आदिवासियों और कमजोर वर्गों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध।**

**और**

5. **मौसम विभाग ने पलामू, चतरा और लातेहार सहित सात जिलों में आज और कल हीट वेव की चेतावनी जारी की।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता में लगभग 18 हजार 680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 16 हजार 990 करोड़ रुपये की लागत वाली 420 किलोमीटर से अधिक लंबी कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। पेश है

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जनता और पुलिस के बीच संवाद और सहयोग से ही अपराध में कमी आएगी। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में अब आम जनता को त्वरित और विश्वसनीय सुरक्षा सेवा मिलेगी। मुख्यमंत्री कल झारखण्ड विधानसभा परिसर में 12 नए थानों के ऑनलाइन उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस को 1 हजार चार सौ पचासी नए पेट्रोलिंग वाहन भी सौंपे।

********************

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि भारत के जनजातीय समुदायों के पास कला, संस्कृति, विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का अ–साधारण खजाना है, जिसकी कोई तुलना नहीं है। उन्होने यह बात नई दिल्ली में आयोजित जनजातीय कला महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री ओराम ने कहा कि ये परंपराएं प्रकृति, समुदाय और पीढ़ियों से चली आ रही ज्ञान से गहरे जुड़ाव को दर्शाती हैं।

********************

नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि झारखण्ड और ओडिशा देश की उभरती हुयी अर्थव्यवस्था वाले राज्य बन गए हैं। झारखण्ड ने मजबूत राजकोषीय और वित्तीय प्रबंधन में काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। देश के 18 प्रमुख राज्यों की वित्तीय स्थिति में झारखंड तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय प्रबंधन में झारखण्ड अपने पडोसी राज्यों से काफी आगे है।

********************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि आदिवासियों और कमजोर वर्गों के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड मूल के आदिवासियों को असम में भी आदिवासी का दर्जा दिया जायेगा और वहां चाय बागान में काम कर रहे लोगों की मजदूरी बढ़ाई जाएगी। मंत्री कल विधानसभा में सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। इधर, मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन के ऑनलाइन म्यूटेशन में कुछ दिक्कतें और परेशानी आ रही हैं, जिसे जल्द ठीक कर लिया जायेगा।

********************

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने केंद्रीय विश्वविद्यालय–संयुक्त प्रवेश परीक्षा– सी.यू.ई.टी. (स्नातकोत्तर) परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए अग्रिम परीक्षा शहर सूचना पर्ची जारी कर दी है। प्रवेश–पत्र बाद में जारी किया जाएगा।

********************

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग ने 22 मार्च को होने वाली उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा स्थगित कर दी है। अब यह परीक्षा 14 अप्रैल को होगी। इसके लिए आठ जिलों में परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं।

********************

रेल मंत्रालय ने हटिया–दुर्ग के बीच चल रही विशेष ट्रेन को नियमित रूप से चलाने की स्वीकृति दे दी है। इससे झारखंड और छत्तीसगढ़ के यात्रियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी।

********************

युवा संगम के छठे चरण के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत देशभर के युवाओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 मार्च है। इच्छुक युवा ebsb.aicte-india.org वेबसाइट के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं।

********************

साहेबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने आम लोगों से रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिले में गैस की पर्याप्त आपूर्ति है।

********************

विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर जामताड़ा में जागरूकता कार्यशाला सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेत्र पदाधिकारी डॉक्टर अशोक चौधरी ने ग्लूकोमा से बचाव और इलाज से संबंधित जानकारियां दी।

********************

रांची के बिरसा मुंडा हवाईअड्डा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की ओर से मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य संभावित रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपदा की स्थिति में विभिन्न एजेंसियों की तत्परता और समन्वय का परीक्षण करना था। इस दौरान राहत–बचाव और सुरक्षा प्रक्रियाओं का भी अभ्यास किया गया।

********************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक पलामू, चतरा और लातेहार समेत राज्य के सात जिलों में हीट वेब चलने और उसके बाद बारिश की आशंका जतायी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने इस बारे में जानकारी दी।

********************

झारखंड राज्य शतरंज संघ की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अरण्यक घोष प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली और हरि माधवन दूसरे और तीसरे स्थान पर विजयी हुए।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर अख़बारों ने आज पहले पन्ने पर ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध की ख़बरों को अपनी लीड बनाई है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – लम्बा खिंचा युद्ध तो दुनिया में आ सकती है आर्थिक मंदी

**हिंदुस्तान** ने भारत के दो गैस टैंकरों को ईरान से हरी झंडी मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – कच्चे तेल से भरा एक टैंकर भी आज देश पहुंच सकता है

**दैनिक भास्कर** की हेडलाइन है – झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा की बदलेगी नियमावली, जनजातीय भाषा में शामिल होगी भूमिज, भोजपुरी और मगही को क्षेत्रीय भाषा में जगह नहीं

**दैनिक जागरण** लिखता है – रांची से दिल्ली और मुंबई के बीच उड़ान हुई और महंगी, किराया 16 हजार रुपये तक पहुंचा

*********समाप्त***********